NCERT SOLUTIONS

CLASS - 7th

aglasem.com

Class : 7th

Subject : हिन्दी

Chapter : 4

Chapter Name : गुब्बारे पर चीता

Q1.कहानी से

(क) हेडमास्टर साहब ने बच्चों को सरकस में जाने से क्यों मना किया होगा?

(ख) सरकस के बारे में कौन-कौन सी अफ़वाहें फैली हुई थीं?

(ग) बलदेव सरकस में जाकर निराश क्यों हो गया?

(घ) बलदेव और चीता दोनों गुब्बारे पर ऊपर उठते जा रहे थे। फिर भी चीते ने बलदेव को कोई नुकसान क्यों नहीं पहुँचाया?

(ङ) कहानी के इस वाक्य पर ध्यान दो-

“इतने में उसे एक बड़ा भारी गुब्बारा दिखाई दिया” तुम्हें क्या लगता है कि गुब्बारा भारी होता है? लेखक ने उसे भारी क्यों कहा है?

Answer:

(क)हेडमास्टर साहब ने बच्चों का सर्कस में ले जाने से इसलिए मना किया होगा क्योंकि सर्कस में तरह-२ के जंगली जानवर होते हैं जिससे बच्चों का खतरा हो सकता था।

(ख)सर्कस में बहुत सी अफवाहें फैली हुई थीं|शेर और बकरी एक ही बर्तन में पानी पिएंगे। सर्कस में तोता बन्दूक चलाएगा।इन सबके साथ ही यह भी अफ़वाह थी कि हाथी पैर से चलने वाली गाड़ी में बैठेगा। वनमानुष बाबू की तरह मेज पर बैठेगा ।

(ग)बलदेव सर्कस में जाकर इसलिए निराश हो गया क्योंकि उसकी मानसिकता के अनुसार जंगली जानवर शक्तिशाली न होकर बेहद कमज़ोर थे ।

aglasem.com

(घ)चीता अपने प्राणों को संकट में देख बेहद डरा हुआ था। इसलिए वह सब कुछ भूलकर अपने प्राणों को बचाने का प्रयत्न कर रहा था ।इसीलिए उसने बलदेव को नुकसान नहीं पहुँचाया।

(ङ)मेरे विचार से गुब्बारे में भरी हवा की मात्रा ध्यान में रखकर लेखक ने इसे भारी गुब्बारा कहा होगा।
Page : 21, Block Name : कहानी से

Q2. सोचो और बताओ

(क) गुब्बारे में से हवा निकलने पर वह नीचे क्यों आने लगता है?

(ख) स्कूल में तुम्हें क्या-क्या करने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है?

(ग) क्या तुमने अपने आस-पास के जानवरों की दुर्दशा देखी है? उसके बारे में बताओ।

(घ) सरकस में जानवरों के करतब दिखाए जाते हैं। उनके प्रति क्रूरता बरती जाती है। क्या ऐसे सरकस को मनोरंजन का साधन माना जा सकता है? सरकस को स्वस्थ मनोरंजन का साधन बनाने के लिए क्या किया जाना चाहिए?

Answer:

(क) गुब्बारे में गरम हवा भरी जाती है। गरम हवा हल्की होती है अत: गुब्बारा ऊपर उठने लगता है। जैसे-जैसे गुब्बारे से हवा निकलती है, गरम हवा का प्रभाव समाप्त होने पर गुब्बारा भारी होने लगता है और वह नीचे गिर जाता है।

(ख)

1. स्कूल से बाहर जाने की अनुमति लेनी पड़ती है।

3. देर से आने की अनुमति लेनी पड़ती है।

4. अवकाश में जाने की अनुमति लेनी पड़ती है।

5. पानी पीने जाने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है।

aglasem.com

(ग) मैंने चिड़ियाघर में जानवरों की दुर्दशा देखी है। उन्हें छोटे-से स्थान पर रखा जाता है। उन्हें सही प्रकार का वातावरण नहीं मिलने के कारण वे दुर्बल हो जाते हैं। साफ़ पानी न होने से वे कई प्रकार की बीमारियों से भी ग्रस्त हो जाते हैं।

(घ) जिस सर्कस में जानवरों के प्रति क्रूरता बरती जाती है, वह मनोरंजन का साधन नहीं माना जा सकता है। जानवरों को भी मनुष्य के समान जीने का अधिकार होना चाहिए। जानवरों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाना चाहिए। सर्कस में ऐसे करतबों को स्थान दें, जिनमें यदि जानवरों को दिखाना आवश्यक है, तो ऐसे करतब हों जिनमें उन्हें कष्ट न हो। ऐसा करके हम सर्कस को स्वस्थ मनोरंजन का साधन बना सकते हैं।

Page : 21, Block Name : सोचो और बताओ

Q3.मुहावरे
नीचे लिखे वाक्य पढ़ो। उनमें इस्तेमाल हुए मुहावरों को अपने ढंग से इस्तेमाल करके कुछ और वाक्य बनाओ।

(क) बलदेव के तो होश उड़े हुए थे।

(ख) बलदेव के दिल में जो बात बैठ जाती; उसे पूरा करके ही छोड़ता।

(ग) वह इतना डरा कि उसके हाथ-पाँव फूल गए।

(घ) ऐसा लगा जैसे किसी ने चीते का खून चूस लिया हो।

(ङ) बलदेव का दिल काँप उठा।

aglasem.com

Answer:
(क) कठिन प्रश्नपत्र देखकर मेरे होश उड़ गए।
(ख) किसी के ह्रदय में यदि गलत बात बैठ जाती है, तो वह बात आसानी से नहीं निकलती है।
(ग) संकट के समय ज्यादातर लोगो के हाथ-पाँव फूल जाते हैं।
(घ) भिखारी को देख कर लगता है मानो उसका किसी ने खून चूस लिया है।
(ङ)परीक्षा का परिणाम देख मेरा दिल काँप उठा।

Page : 22, Block Name : मुहावरे

Q4.तुम्हारी बात
क) तुम्हारे स्कूल से भागने के कौन-कौन से बुरे परिणाम हो सकते हैं?
ख) किसी चीज़ के प्रचार के लिए विज्ञापन का इस्तेमाल क्यों किया जाता है?
ग) तुम भी सड़क सुरक्षा, प्रदूषण और शिक्षा के बारे में विज्ञापन बनाकर अपने मित्र को दिखाओ तथा पूछो कि उसे तुम्हारा पसंद आया या नहीं। कारण भी पूछो।
Answer:
क) मेरे स्कूल से भागने के निम्नलिखित परिणाम हो सकते हैं-

1. मुझे स्कूल से निकाला जा सकता है|
2. मुझे इसके लिए सजा मिल सकती है|
3. माता पिता दण्डित कर सकते हैं |
4. मैं कहीं रास्ता भटक कर खो भी सकता हूँ|

ख) आज के समय में किसी चीज का प्रचार करने के लिए विज्ञापन सबसे अच्छा माध्यम है। विज्ञापन से सामान और लोगों के बीच सीधा संपर्क स्थापित होता है।
ग) छात्र स्वयं करें

Page : 22, Block Name: तुम्हारी बात

Q5.समझो

aglasem.com

अजीब-अजीब	हिसाब-किताब
धीरे-धीरे	जब-तब
अभी-अभी	खेल-तमाशा
ज्यों-ज्यों	भूख-प्यास
चूर-चूर	हड्डी-पसली

Answer: छात्र स्वयं करें

Page : 22, Block Name: समझो

aglasem.com